**संचिका संख्या–01/स्था०राज०–339/2025–**
**बिहार सरकार**
**गन्ना उद्योग विभाग**

प्रेषक,

अरूण कुमार,
अवर सचिव।

सेवा में,

वित्त **(वै०दा०वि०को०) विभाग,**
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक– नवंबर, 2025

विषय :– **श्री अजीत कुमार प्रसाद, सहायक निदेशक, ईख विकास, मोतिहारी का पदस्थापन की अनिवार्य प्रतीक्षा में बितायी गयी अवधि दिनांक–03.07.2025 से 22.07.2025 तक का विनियमन की स्वीकृति के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि कृषि विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–3208 दिनांक–30.06.2025 क्रमांक–142 द्वारा श्री अजीत कुमार प्रसाद, सहायक निदेशक (शष्य) भूमि संरक्षण, जमुई की सेवा गन्ना उद्योग विभाग में सौंपी गयी। उपरोक्त अधिसूचना के आलोक में पूर्व पद सहायक निदेशक (शष्य) भूमि संरक्षण, जमुई का प्रभार श्री प्रसाद से दिनांक–08.07.2025 के पूर्वाह्न में सौंपा परन्तु इसके पूर्व श्री प्रसाद द्वारा दिनांक–03.07.2025 के पूर्वाह्न में गन्ना उद्योग विभाग में पदस्थापन हेतु योगदान समर्पित किया गया। विभागीय आदेश संख्या–940 दिनांक–09.07.2025 के क्रमांक–5 के द्वारा श्री प्रसाद को तत्काल कार्य करने के लिए सहायक निदेशक, ईख विकास, मोतिहारी के कार्यालय में कार्य करने हेतु प्रतिनियुक्त किया गया जिसके आलोक में वे मोतिहारी में दिनांक–11.07.2025 के पूर्वाह्न में योगदान समर्पित किये।

विभागीय अधिसूचना संख्या–1035 दिनांक–22.07.2025 के क्रमांक 6 के द्वारा श्री प्रसाद को सहायक निदेशक, ईख विकास, मोतिहारी के पद पर पदस्थापित किया गया जिसके आलोक में श्री अजीत कुमार ने सहायक निदेशक, ईख विकास, मोतिहारी का प्रभार दिनांक–23.07.2025 के पूर्वाह्न में ग्रहण किया गया है। इस प्रकार प्रभार रहित अवधि दिनांक–08.07.2025 से 22.07.2025 तक है।

वित्त विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–10128 दिनांक–26.12.2003 एवं आंतरिक वित्तीय सलाहकार के परामर्श के आलोक में श्री अजीत कुमार प्रसाद, सहायक निदेशक, ईख विकास, मोतिहारी का प्रभार रहित अवधि दिनांक–03.07.2025 से 22.07.2025 तक पदस्थापन की अनिवार्य प्रतीक्षा के रूप मे विनियमन की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. इस पर प्रधान सचिव, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन
ह०/–
**अवर सचिव।**

**ज्ञाप संख्या–01/स्था०राज०–339/2025– /पटना, दिनांक– नवंबर, 2025**

प्रतिलिपि– महालेखाकार बिहार वीरचचन्द पटेल पथ पटना/कोषागार पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
**अवर सचिव।**

**ज्ञाप संख्या–01/स्था०राज०–339/2025–** 1792 **/पटना, दिनांक** 24 **नवंबर, 2025**

प्रतिलिपि– विभागीय लेखा शाखा/श्री अजीत कुमार प्रसाद, सहायक निदेशक, ईख विकास, मोतिहारी/श्रीमती शालीनता रानी, आई.टी. प्रबंधक, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

24/11/2025

**अवर सचिव।**



Rajesh Ji Letter